भा0कृ0अ0प0– केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान
मरू क्षेत्रीय परिसर, श्रीगंगानगर रोड़, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर (राजस्थान)–334006

फा0सं0 3(45)बीके/2012/खण्ड–प्रथम/

दिनांकः10–06–2015

निविदा–प्रपत्र

1– निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि	:	दिनांक 26–06–2015 दोपहर 1 बजे
2– निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय	:	दिनांक 26–06–2015 दोपहर बाद 3 बजे
3– अमानत राशि	:	रूपये 20,000/– (रूपये बीस हजार मात्र)
4– निविदा प्रपत्र की मान्य अवधि	:	120 दिवस
5– निविदा प्रपत्र शुल्क	:	रूपये 1,000/– (रूपये एक हजार मात्र)

इस संस्थान के प्रक्षेत्र परिसर के विभिन्न हिस्सों में पड़ी हुई, आँधी तूफान से गिरी हुई बबूल,नीम,मोपेन,सिरस,खेजड़ी इत्यादि पेडों, पेड़ों की सूखी जलाऊ लकडियों एवं उनकी टहनियों आदि जो कि 800–1000 क्विन्टल के लगभग है उनको बेचने के अनुबंध की मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है जिसकी की नियम व शर्ते इस प्रकार होगी:

1– निविदा–प्रपत्र इस संस्थान द्वारा जारी प्रदत्त प्रपत्र/संस्थान की वेबसाईट से डाउनलोड किये गये प्रपत्र पर ही स्वीकार किये जायेगें। निविदा संस्थान के प्रभागाध्यक्ष महोदय के नाम क्रय अनुभाग में दिनांक 26.06.2015 तक समय 1.00 बजे (दोपहर) तक टेण्डर बॉक्स में डालना होगा। सशर्त, तथा देरी से प्राप्त निविदा–प्रपत्र स्वीकार नहीं की जाएगी। ठेकेदार को पहचान के लिए निर्धारित प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा उसी दिन दोपहर बाद 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी।

2. निविदादाता को निविदा–प्रपत्र के साथ अमानत राशि रू.20,000 (रूपये बीस हजार मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट CSWRI UNIT ARC, Bikaner के पक्ष में देय जो कि Punjab National Bank, Branch-Beechwal Industrial Area, Bikaner (Rajasthan) में भुगतान योग्य हो संलग्न करना होगा। डाउनलोड किया हुआ निविदा–प्रपत्र शुल्क रूपये 1000:/– का डी0डी0 ही मान्य होगा । बिना अमानत राशि के निविदा–प्रपत्र स्वीकार नहीं की जावेगी।

3. सफल निविदादाता को संस्थान से सूचना प्राप्त होते ही 10:% राशि जमानत राशि के रूप में जमा करानी होगी अन्यथा निविदा निरस्त कर जमा अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी । जमानत राशि अनुबन्ध सन्तोषजनक तौर से पूरा होने के बाद वापिस देय होगी। यदि अनुबन्ध के दौरान आपका कार्य किसी भी प्रकार से असन्तोषजनक पाया गया तो आप द्वारा जमा करवाई गई जमानत राशि को जब्त कर लिया जाएगा ।

4– लकड़ी उठाने के कार्य आदेश मिलते ही तुरन्त प्रभाव से करना होगा ।

5– लकड़ी की दर प्रति क्विन्टल में देनी होगी जिसमें सूखे बबूल,नीम,मोपेन, सिरस, खेजड़ी आदि की जलाऊ लकड़ियॉ, टहनियॉ इत्यादि होगी । कार्य को दो माह की अवधि में पूरा करना होगा ।

6– लकड़ियों का वजन केवल धर्मकॉटे पर ही कराया जाएगा तथा वही मान्य होगा । धर्मकॉटे पर लकडियों का वजन कराने की पर्ची का भुगतान ठेकेदार को ही करना होगा । लकड़ी का भुगतान वजन करने के बाद शीघ्र ही नकद करना होगा ।

7– लकड़ी प्रक्षेत्र परिसर में लगभग छः सौ हेक्टेयर में जहॉ है जैसी भी पड़ी है ठेकेदार को अपने साधन से उठाना होगा । लकड़ियों की कटाई के लिए उपयोग में आने वाले औजार ठेकेदार स्वयं को व्यवस्था करनी होगी ।

8– यदि ठेकेदार या उसके व्यक्तियों द्वारा संस्थान को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान पहुँचाया जाता है तो उस नुकसान की भरपाई ठेकेदार के द्वारा स्वयं को करना होगा ।

9– केवल सूखी लकड़ियों को ही उठाने की इजाजत होगी । ठेकेदार को हरे पेड़ों को नुकसान पहुँचाने की इजाजत नही होगी । अगर ठेकेदार या उसके व्यक्तियों द्वारा हरे पेड़ों को नुकसान पहुँचाया गया तो उसका हरजाना स्वयं ठेकेदार को भरना होगा ।

10– अनुबन्ध कार्य के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाने पर ठेकेदार/उनके प्रतिनिधि स्वयं जिम्मेदार होगें तथा सभी प्रकार की कानूनी कार्यवाही अपने स्तर पर स्वयं के खर्चे पर करनी होगी। तथा संस्थान द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता/क्षतिपूर्ति राशि नही दी जावेगी। ठेके की अवधि में कार्य के दौरान लगाए जाने वाले श्रमिकों का परिश्रमिक भुगतान श्रमिक नियमों के अनुसार करना होगा।

11– रू.100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध का इकरारनामा पत्र प्राप्ति के तीन दिन के अन्दर स्वयं के खर्चे पर कार्यालय में जमा कराना होगा अन्यथा जमा सिक्योरिटी राशि जब्त कर ली जाएगी तथा अनुबंध भी निरस्त कर दिया जाएगा।

12– इस संस्थान के प्रभागाध्यक्ष को बिना कोई कारण बताए अनुबंध को स्वीकार करने/रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा ।

10.6.15

प्रभारी, क्रय एवं भण्डार अनुभाग

उपर्युक्त नियम व शर्ते मैने भलीभॅाति पूर्ण होश हवास में पढ एवं समझ ली है और लकड़ी उठाने के कार्य के लिए मेरी दर रूपये ———————— (रूपये ————————————————मात्र) प्रति क्विन्टल होगी ।

हस्ताक्षर ————————————

ठेकेदार का नाम————————

पता——————————————

——————————————————

मोबाईल नं0——————————